दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, शुक्रवार 31 जनवरी 2020
www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### डॉयल 112 इवेंट

### पेड़ पर चढ़ी महिला को काफी मशक्कत से राइनो स्टॉफ ने नीचे उतारा ....

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** डोंगरीपाली राइनो को दिनांक 30.01.2020 को दोपहर 12:00 बजे जीरानाला के पास एक महिला आत्महत्या के लिए पेड़ पर चढ़ी होने का इवेट मिला। इवेंट पर ईआरवी वाहन से आरक्षक मनीराम मौके पर पहुंचा, जहां एक महिला पेड़ पर चढ़ी हुई थी जिसे वहां मौजूद लोग उतरने के लिये बोल रहे थे, नहीं उतर रही थी। तब मनीराम द्वारा आसपास के लोगों की सहायता से महिला को नीचे उतारा गया जिससे पूछताछ कर महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### कुंजारा चौक के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी ठोकर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लैलूंगा राइनो को दोपहर 14:30 बजे रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर कुंजारा चौक के पास रवाना किया गया जहां साइकिल चालक को किसी अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मारने से मोटरसाइकिल पर सवार विनोद गुप्ता पिता पंचराम गुप्ता उम्र 21 साल निवासी नहरकेला लैलूंगा को चोटे आई थी। आहत को आरक्षक विभूति सिंह थाना लैलूंगा द्वारा सीएचसी लैलूंगा में भर्ती कराया गया है।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यकारिणी समिति का गठन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छ.ग.शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार कलेक्टर यशंवत कुमार ने जिला जल जीवन मिशन के समग्र कार्यान्वयन के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यकारिणी समिति का गठन किया है। गठित समिति में कलेक्टर रायगढ़ अध्यक्ष होंगे। इसी तरह जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वनमंडलाधिकारी रायगढ़ एवं धरमजयगढ़, परियोजना प्रशासन धरमजयगढ़ एवं सहा.आयुक्त आदिवासी विकास विभाग रायगढ़, जिला चिकित्सा अधिकारी रायगढ़, जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़, समस्त कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग रायगढ़, जिला कृषि अधिकारी रायगढ़, जिला सूचना और जनसंपर्क अधिकारी रायगढ़ को सदस्य बनाया गया है तथा कार्यपालन अभियंता लो.स्वा.यां.विभाग रायगढ़ को सदस्य सचिव बनाया गया है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

» विद्यालय के छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की मोहक प्रस्तुति

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटेमुड़पार खरसिया में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती की पूजा के साथ किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार' का गायन किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की मोहक प्रस्तुति दी गई। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर खरसिया एसडीएम गिरीश रामटेके मुख्य अतिथि तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा रायगढ़ जितेन्द्र गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर प्राचार्य अशोक कुमार भारद्वाज, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी खरसिया के उप प्राचार्य ओमप्रकाश चौबे उपस्थित थे।

### जिला पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 17 फरवरी

» जनपद पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 13 फरवरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन आगामी 17 फरवरी 2020 को किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 13 फरवरी 2020 को निर्धारित किया गया है। जिसके लिए निर्धारित कार्यक्रम समय अनुसूची जारी की गई है।

# अतिक्रमित भूमि व्यवस्थापन योजना के क्रियान्वयन में रायगढ़ अव्वल

» योजना के तहत प्रदेश में सबसे पहले रायगढ़ में बांटे गए भूमि स्वामी अधिकार पत्र » कलेक्टर द्वारा आज 4 हितग्राहियों को मिला जमीन का मालिकाना हक



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शासन की अतिक्रमित भूमि के तहत कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज कलेक्टोरेट में व्यवस्थापन योजना के अंतर्गत 4 आवेदकों को भूमि स्वामी अधिकार पत्र प्रदान किए।

इन आवेदकों ने शासन की योजना जिसमें अतिक्रमित शासकीय भूमि के बाजार मूल्य के 152 प्रतिशत के बराबर राशि देकर जमीन का मालिकाना हक प्राप्त किया। देय राशि में 150 प्रतिशत राशि भूमि आबंटन व 2 प्रतिशत भूमि के स्वामी हक प्राप्त करने के लिए है। इस दौरान कलेक्टर यशवंत कुमार ने आवेदकों को बधाई देते हुए कहा कि रायगढ़ प्रदेश का प्रथम जिला है, जहां लोगों को शासन की इस योजना का लाभ मिला है। इस योजना के द्वारा लोगों को दोहरा लाभ मिलेगा, पहले तो उन्हें व्यवस्थापन के तहत जमीन नहीं छोडऩी पड़ेगी, दूसरा निर्धारित राशि का भुगतान करने से जमीन का मालिकाना हक उन्हें मिलेगा। जिससे निजी भूखण्ड के भूमि स्वामी के रूप में वे इसका उपयोग कर सकेंगे और शासन को भी राजस्व की प्राप्ति होगी।

अतिक्रमित भूमि व्यवस्थापन योजना के हितग्राही अभिषेक मयंक गुप्ता ने बताया कि शासन की इस योजना से बड़ी राहत मिली है। कानूनी रूप से जमीन के मालिकाना हक मिलने से वे अब चिंतामुक्त होकर इस भूमि का उपयोग कर सकेंगे।

अविनाश भगत ने बताया कि मैं आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि स्वामी का हक चाह रहा था, अब अधिकार पत्र मिलने से व्यवस्थापन नहीं करना होगा तथा भूमि पर निश्चिंत होकर आवश्यक निर्माण कार्य करा सकूंगा। हितग्राही विवेक स्वप्निल लाल ने भी आवासीय प्रयोजनार्थ भूमि प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि अब बिना किसी भय के एक बेहतर आवासीय भवन निर्माण करवा सकूंगा। सतीश अग्रवाल जिन्होंने व्यवसायिक प्रयोजन के लिए भूमि स्वामी का हक प्राप्त किया है, ने कहा कि अभी तक अस्थायी निर्माण करवाकर व्यवसाय संचालित कर रहा था, मालिकाना हक मिलने से अब पक्के भवन का निर्माण करवाऊंगा।

जिससे व्यापार में वृद्धि तो होगी, साथ ही लोगों के लिए रोजगार के भी अवसर उपलब्ध करवा सकूंगा। सभी हितग्राहियों ने शासन की इस योजना की भरपूर सराहना की और कहा कि मालिकाना हक मिलने से एक निजी भूखण्ड के स्वामी के समान समस्त अधिकार मिले है, जो एक बड़ी राहत की बात है।

गौरतलब है कि शासन की अतिक्रमित भूमि व्यवस्थापन योजना के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में स्थित अतिक्रमित शासकीय भूमि के भूमि स्वामी हक प्रदान किए जा रहे है, जिसमें भूमि आबंटन तथा मालिकाना हक प्रचलित गाईड लाइन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत राशि देकर प्राप्त किया जा सकता है। भूमि स्वामी अधिकार पत्र वितरण के अवसर पर एसडीएम रायगढ़ आशीष देवांगन सहित राजस्व विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी दी गई जानकारी





**न्याय साक्षी/रायगढ़। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आज रायगढ़ विकास और घरघोड़ा विकास खण्ड के शासकीय स्कूलों में स्कूली बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया।**

इनमें रायगढ़ विकास खण्ड के शासकीय हाई स्कूल रामभांठा, शासकीय हाई स्कूल सपनाई और घरघोड़ा विकास खण्ड के शासकीय कन्या स्कूल घरघोड़ा शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बालिकाओं को एनीमिया की रोकथाम और बालिकाओं को पर्सनल हाइजीन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई इस अवसर पर बी.एम.ओ.डॉ. एस.आर.पैकरा, श्याम महंत, स्वाति टोप्पो, श्रीमती अनिमा लकड़ा और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## 16 वर्षीय बालिका से छेड़खानी जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना चक्रधरनगर में दिनांक 29.01.2020 को 16 वर्षीय बालिका द्वारा गांव के मुकेश सतनामी पिता गुरूचरण सतनामी उम्र 19 साल द्वारा घर अंदर घुसकर छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।**



पीडिता बताई कि करीब 1 साल से मुकेश सतनामी अकेली देखकर घर में तथा स्कूल आते-जाते समय छेडखानी करता है। जिसे अपने माता पिता को बताई तो उसे समझे थे परंतु उसके आचरण में कोई सुधार नहीं आया और वही हरकत दोहराते रहा दिनांक 29.01.2020 को शाम 05:00 बजे बालिका के माता पिता गांव के बाजार गये हुए थे। घर पर बालिका अकेली थी और दरवाजा अंदर से बंद था तभी मुकेश पीछे का दिवाल फांद कर घर के अंदर आया और छेड़खानी करने लगा, बालिका अपने आप को छुडाकर अपने पिता को मोबाईल पर घटना को बतायी और थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज करायी है। बालिका के रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में अप.क्र. 36/2020 धारा 454,354 भादंवि 8 पोक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। छेड़खानी की एक रिपोर्ट थाना सारंगढ़ में 24 वर्षीय युवती द्वारा दर्ज कराया गया है, युवती बताई कि गांव का राजेश साहू रास्ते में आते जाते समय अश्लील शब्दों का प्रयोग करता है।

पिछले महीने घर में घुसकर छेड़छाड़ किया था इस संबंध में गांव में बैठक किये और राजेश के घरवालों को समझाने के लिये बोले थे। पीडिता बताई कि दिनांक 29.01.2020 को सुबह 9 बजे गांव के तालाब नहाने गई थी, नहाते समय राजेश साहू आया और कपड़ो को छिपा रहा था जिसे मना करने पर छेड़खानी करने लगा ,जिसके रिपोर्ट पर थाना सारंगढ़ में अप.क्र. 59/2020 धारा 354 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### वासुदेव बस का टायर फटने से यात्री हुए घायल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुसौर राइनो को दिनांक 30.01.2020 को प्रातः 11:15 बजे चिखली मेन रोड पर रोड़ एक्सीडेंट का इवेंट मिला जहां वासुदेव बस का टायर फटने से बस पर सवार श्रीमती तुलसी निषाद पति प्रेमलाल उम्र 31 वर्ष निवासी सरसीवा बलोदा बाजार एवं श्रीमती भूखिन बाई सिदार पति निडर सिदार उम्र 50 साल निवासी सारंगढ़ घायल हो गए थे जिन्हें राइनो स्टाफ ठंडा राम गुप्ता थाना सौर द्वारा ईआरवी वाहन से केजीएफ रायगढ़ पहुंचाया गया।



## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

» प्राणों की आहूति देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी किए गए याद

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस 30 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्टोरेट परिसर में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों को भी मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार कलेक्टोरेट के अतिरिक्त जनपद कार्यालय, कृषि विभाग तथा महिला बाल विकास विभाग तथा अन्य विभागों एवं कार्यालयों में भी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## विनोबानगर स्वास्थ्य जांच शिविर में 121 लोगों का हुआ इलाज

» शिशु रोग विशेषज्ञ ने 32 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत आज संत विनोबानगर आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 34 में विशेष स्वास्थ्य शिविर कैम्प का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में डॉ.देवेन्द्र दुबे, शिशु रोग विशेषज्ञ उपस्थित थे। शिविर में कुल 121 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ.दुबे द्वारा 32 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 57 मरीजों की जांच मोबाइल मेडिकल लैब द्वारा स्पॉट पर ही करके तुरंत रिपोर्ट दिए गए। मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी दी गई। 2 मरीजों को बेहतर इलाज के लिए चिकित्सालय रिफर किया गया। इस जांच शिविर में सिटी प्रोग्राम मैनेजर डॉ.राकेश, ग्रामीण चिकित्सा सहायक कृष्णपुरी गोस्वामी, फार्मासिस्ट अरूण यादव, लेब टेक्नीशियन डोलनारायण, स्टाफ नर्स कु.नंदिनी गोड़, सुपरवाईजर श्रीमती रेखा सेन गुप्ता, एएनएम प्रेमलता सिदार, कर्मचारी रघुनाथ खडिय़ा, एमटी सुशीला बघेल सहित दो मितानिन कैम्प में उपस्थित रहे।

## ई साक्षरता आनलाइन बाह्य मूल्यांकन परीक्षा में मां बेटी ने एक साथ सफलता हासिल की

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत रायगढ़ पंजरी प्लांट में संचालित ई साक्षरता केन्द्र के सातवें एवं आठवें बैच के शिक्षार्थियों द्वारा एक माह का कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त किया तत्पश्चात छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसाइटी के सहयोग से शिक्षार्थियों का ऑनलाइन बाह्य मूल्यांकन आयोजित किया गया। इनमें 58 पंजीकृत शिक्षार्थियों में 54 शिक्षार्थियों सम्मिलित हुए और 51 सफल हुए।

जिला परियोजना अधिकारी डी.के. वर्मा केन्द्र प्रभारी एस.के.प्रधान, ई एजुकेटर श्रीमती सरस्वती सोनी, भोला यादव, घनश्याम पटेल, सुधीर देवांगन का







विशेष सहयोग रहा। इस ऑनलाइन बाहय मूल्यांकन में मां बेटी ने एक साथ सफलता हासिल की है। इनमें कुमारी खुशबू साहू और उनकी मम्मी गीता साहू ने सफलता प्राप्त की है।

# चुनाव हार की खीझ पर मारपीट की शिकायतें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये दी जा रही दबिश

» शिकायतों पर अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी के साथ होगी प्रबिंधात्मक कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पंचायत चुनाव में हार की खीझ तथा जीत की खुशी मनाने को लेकर मारपीट की घटना प्रकाश में आया है। इन अपराधों में आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ चुनाव दौरान शांति भंग करने पर पृथक से प्रतिबंधक कार्यवाही की जावेगी। घटित मामलों का संक्षिप्त विवरण-

(1) थाना छाल अन्तर्गत ग्राम महराजगंज में रहने वाले मनोज कुमार राठिया पिता बैजनाथ राठिया उम्र 33 साल आज दिनांक 29.01.2020 को थाना छाल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 29.01.2020 के दोपहर करीब 3:30 बजे रामपुर से घर पहुंचा तो घर पर चाचा विजय राठिया तथा उसके साथ संदीप राठिया, खगेश्वर राठिया, खुलेश्वर राठिया घर के आंगन में बैठे थे जो पंचायत चुनाव के संबंध में बातचीत कर रहे थे।

पंचायत चुनाव में खगेश्वर राठिया की पत्नि रेखा बाई राठिया सरपंच चुनाव में खड़ी हुई थी जो चुनाव हार गई। उसी गुस्से को लेकर विजय राठिया वोट नही दिये इसलिए रेखा चुनाव हार गई कहकर गाली गलौज कर सभी एक राय होकर लाठी-डंडा से मारपीट किये। वहीं दूसरी ओर गांव का संदीप कुमार राठिया ने मनोज कुमार राठिया के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया है कि मनोज कुमार राठिया का नाती पंच पद का उम्मीदवार था जो चुनाव हारने पर इससे मारपीट किया है। थाना छाल में परस्पर अपराध मनोज राठिया के रिपोर्ट पर अप.क्र. 23/2020 धारा 451, 506-बी, 323, 34 भादंवि एवं संदीप कुमार राठिया के रिपोर्ट पर मनोज के विरूद्ध अप.क्र. 24/2020 धारा 294,506,323 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया। छाल पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्यवाही के साथ-साथ शांति भंग करने वालों पर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है।




(2) थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत ग्राम छुहीपाली में रहने वाला गजानंद पटेल उम्र 26 वर्ष एम.एस.पी फैक्टरी में मजदूरी का काम करता है। दिनांक 28.01.2020 को ग्राम पंचायत चुनाव में इसके पक्ष की प्रत्याशी माधुरी पटेल ग्राम पंचायत छुहीपाली के सरपंच चुनाव जीती इस खुशी में रात्रि करीब 08:00 बजे गजानदं एवं उसके साथी फटाका फोड़ रहे थे। तभी चुनाव हार की खीझ पर गांव का मनोज यादव फटाका फोड़ रहे लोगों को गाली गलौच कर हाथापाई करने लगा जिस संबंध में रिपोर्टकर्ता गजानदं पटेल के रिपोर्ट पर आरोपी मनोज यादव पिता बोनो यादव के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में अप.क्र.34/2020 धारा 294,506,323 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

(3) थाना तमनार में ग्राम टिहलीरामपुर में रहने वाला बोधराम साहू पिता स्व0 हरिशचंद्र साहू उम्र 55 वर्ष दिनांक 29.01.2020 को रिपोर्ट दर्ज कराया इसका लडका भगवानों साहू विजयी सरपंच प्रत्याशी सुशीला राठिया का प्रचार-प्रसार किया था।

वहीं विपक्षी प्रत्याशी का पिता वेणुधर राठिया दिनांक 29.01.2020 के सुबह करीब 11.30 बजे तुम्हारा लडका हरवा दिया हैं कहकर लाठी से मारपीट किया। मारपीट की रिपोर्ट पर थाना तमनार में आरोपी वेणुधर राठिया पिता स्व0 रतिराम राठिया उम्र 50 साल साकिन टिहलीरामपुर के विरूद्ध अप.क्र. 39/2020 धारा 294,506,323 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्यवाही की जावेगी तथा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी पृथक से की जावेगी।

(4) थाना कोतवाली में दिनांक 30.01.2020 को पुलिस चौकी जुटमिल अन्तर्गत दिनांक 28.01.2020 को रात्रि करीब 02:00 बजे ग्राम पटेलपाली नहर के पास पटेलपाली में रहने वाले हितेश कुमार पटेल उम्र 29 साल एवं उसके साथी सुदामा साहू को कोड़ातराई के डोलनारायण चौधरी व उसका लडका अजय चौधरी अपने साथीयो के साथ मिलकर गाली गलौच कर मारपीट करने के आवेदन पर अपराध दर्ज किया गया है। रिपोर्टकर्ता के आवेदन में डोलनारायण चौधरी अपने कार में रखे तलवार को निकाल कर मारना लेख किया गया है।

चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट की बात सामने आ रही है, जुटमिल पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 341, 294, 323, 506, 34 भा0द0वि0 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पीडित, गवाहों का कथन लिया जा रहा है, जांच में आये तथ्यों के अनुरूप विधिसंगत कार्यवाही की जावेगी। सभी थाना अन्तर्गत आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस की टीमों द्वारा दबिश दी जा रही है। चुनाव दौरान शांति भंग करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जावेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480